पत्रिका
INDORE, WEDNESDAY
10/04/2019

श्री वैष्णव विद्यापीठ के साथ किया एमओयू

छात्रों को लाइव प्रोजेक्ट में शामिल करेगा टीसीएस

इंदौर ◆ श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर ने टीसीएस के साथ आगामी सत्र से 4 साल के अंडर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग कोर्स "कंप्यूटर विज्ञान और व्यवसाय प्रणाली" को शुरू करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत टीसीएस शिक्षकों के प्रशिक्षण सत्र और व्याख्यान का आयोजन करेगा। वहीं छात्रों के निरंतर मूल्यांकन में भी संलग्न रहेगा। चुनिंदा छात्रों को इंटर्नशिप भी दी जाएगी लाइव प्रोजेक्ट में शामिल किया जाएगा।

डॉ. आनंद राजावत ने अपने संबोधन में कहा कि टीसीएस में कौशल के साथ इंजीनियरिंग प्रतिभा की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए, कंप्यूटर साइंस और बिजनेस सिस्टम्स नामक कंप्यूटर साइंस पर 4 साल का एक पाठ्यक्रम तैयार किया है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र न केवल कंप्यूटर विज्ञान के मुख्य विषयों को सीखें बल्कि मानविकी, प्रबंधन विज्ञान और मानव मूल्यों को भी विकसित करें। छात्रों को उभरते हुए विषयों जैसे कि एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, क्लाउडक म्प्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि से भी अवगत कराया जाएगा ताकि उन्हें चार साल के अध्ययन के बाद नौकरी मिलने में परेशानी न आए।

Dainik Bhaskar   Date: 10.04.2019

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय ने टीसीएस के साथ साइन किया एमओयू

इंदौर| श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय ने टीसीएस के साथ आगामी सत्र से 4 साल के अंडरग्रेजुएट इंजीनियरिंग कोर्स कंप्यूटर विज्ञान और व्यवसाय प्रणाली को शुरू करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू पर पुरुषोत्तमदास पसारी, चांसलर श्री वैष्णव विद्यापीठ विवि और रंजन बंद्योपाध्याय वाइस प्रेसीडेंट हयूमन रिसोर्स डेवलपमेंट टीसीएस द्वारा हस्ताक्षर किए गए। श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपिंदर धर, अशोके दास सरमा, हेड ऑफ ट्रांसर्फेमेंशन, सीबीओ, गौरव चेलानी, हेड एआईपी, पश्चिम और मध्य भारत, टीसीएस, डॉ. आनंदराजावत, प्रोफेसर, श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस एमओयू के अंतगत टीसीएस श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में शिक्षकों के प्रशिक्षण सत्र, उद्योग से विशेषज्ञ द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन और छात्रों के निरंतर मूल्यांकन में संलग्न होकर समर्थन करेगा। इसके अतिरिक्त टीसीएस इस प्रोग्राम मे प्रवेशित चुनिंदा छात्रों को इंटर्नशिप भी प्रदान करेगा।

पत्रिका

Date: 09.04.2019

एमओयू पर आज होंगे हस्ताक्षर

वैष्णव विवि में टीसीएस के सहयोग से नया इंजीनियरिंग कोर्स

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर • श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा भारत की आइटी सेक्टर की सबसे बड़ी एवं प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी टीसीएस के सहयोग से सत्र 2019-20 में एक नया इंजीनियरिंग प्रोग्राम बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड बिजनेस सिस्टम शुरू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों के सैद्धांतिक और प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करना, वर्तमान समयानुसार आवश्यक तकनीकी कुशलता विकसित करना, इंडस्ट्री एवं एकेडमिक्स के मध्य की दूरी को कम करना है। इस कोर्स के लिए 9 अप्रैल को विश्वविद्यालय एवं टीसीएस कंपनी के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे।

श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को एकेडमिक और इंडस्ट्री दोनों में सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने के लिए टीसीएस के साथ मिलकर संयुक्त रूप से एक नया इंजीनियरिंग प्रोग्राम प्रस्तावित कर रहा है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह प्रोग्राम सरल और उद्योगों की आवश्यकतानुसार विद्यार्थियों की तकनीकी कुशलता बढ़ाने में प्रभावी होगा।

वैष्णव इंस्टिट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के प्रमुख डॉ. आनंद राजावत ने बताया, प्रस्तावित इंजीनियरिंग प्रोग्राम का उद्देश्य तेजी से बदलती तकनीक के अनुरूप कंप्यूटर इंजीनियरिंग में रोजगारोन्मुखी आधुनिक पाठ्यक्रम प्रदान करना है। इस प्रोग्राम में नवीनतम तकनीकों जैसे बिग डेटा, डिजाइन थिंकिंग और मशीन लर्निंग जैसे विषय संग्रहित रहेंगे।